साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## महत्वपूर्ण एवं खास

### घर से दो नग मोबाईल पार

**रायपुर, (आरएनएस)** खपराभट्टी पंडरी स्थित मकान से अज्ञात चोर ने दो नग मोबाईल पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर पंडरी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया श्रीमति रजवंतीन बाई पति सुरेंद्र भारती 32 वर्ष खपराभट्टी पण्डरी की रहने वाली है। बताया जाता है कि कल दोपहर अज्ञात चोर प्रार्थिया के घर के खुले दरवाजे से अंदर प्रवेश किया और टीवी के पास रखे दो नग मोबाईल पार कर दिया। चोरी गए मोबाईलों की कीमत करीब 3 हजार रूपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर पंडरी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बिना तिरपाल ढंके राख का परिवहन

**0 आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा**

**कोरबा (आरएनएस)।** विद्युत कंपनी के पूर्व संयंत्र प्रबंधन ढेंगुरनाला पुल एवं चेकपोस्ट के मध्य रेल्वे ट्रैक किनारे लो-लाइन एरिया में राख भर रहा है। हाइवा में बिना तिरपाल ढंके राख का परिवहन किया जा रहा है। इसी तरह मार्ग में पानी का छिड़काव नहीं किए जाने से बस्तीवासी हलाकान हो गए हैं। आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर उचित कार्रवाई की मांग की है। सांध्यदैनिकों के लिए (रायपुर) पीलिया की रोकथाम तथा उपचार के लिए बीएसयूपी कालोनियों में लगेंगे कैंप बीएसयूपी कालोनी में पीलिया की रोकथाम तथा ईलाज के लिये कल से कैंप लगाये जायेंगे। जिसके लिये टीमें गठित कर दी गई है।

### दो तस्करों से 40 किलो गांजा बरामद

**महासमुंद, (आरएनएस) ।** कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की रात करीब साढ़े नौ बजे दो तस्करों से पुराना मालधक्का मैदान जय अंबेधरमकांटा के पास 40 किलो गांजा जब्त की है। जब्त गांजे की कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि पुराना मालधक्का के पास दो युवक गांजा लेकर पैदल जा रहे हैं। सूचना मिलते ही कोतलवाली पुलिस घटना स्थल पहुंची। घेराबंदी कर ग्राम मिचागाव जुनागढ़ कालाहंडी ओडिशा के भगवान नायक पिता धनपति (20) एवं बलड़िया मार जुनागढ़ ओडिशा के वैष्णव विशाल पिता सुबे विशाल (20) से गांजा जब्त की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिर तार किया। आरोपियों के तहत पुलिस ने 20 ख नारकोटिक्ट एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नदी में मिली लापता युवक की लाश

**बेमेतरा, (आरएनएस) ।** जिले के ग्राम अमोरा के समीप बहने वाले शिवनाथ नदी में शुक्रवार सुबह पानी में तैरती युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक का नाम संदीप रंगारे पिता महेश रंगारे उम्र 29 वर्ष है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक संदीप बीते बुधवार 4 अप्रैल से लापता था। पिता महेश रंगारे साजा एसडीएम का वाहन चालक है। रात 9 बजे ग्राम अमोरा के कोटवार को नदी के पुल के ऊपर मोटर साइकिल और सुसाइड नोट की प्राप्ति हुई जिसके बाद कोतवार ने तत्काल स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। आज सुबह करीब 6 बजे कोटवार स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों की मदद से युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दियाा है।

### बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का शुरू हुआ मूल्यांकन


**जगदलपुर,(आरएनएस) ।** संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला या बस्तर हाईस्कूल में 10वीं-12वीं बोर्ड की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया। जानकारी के अनुसार अब तक यहां कुल 92 हजार कॉपियां मूल्यांकन के लिए पहुंच चुकी हैं। आने वाले एक-दो दिनों में तकरीबन 7 हजार कॉपियां और पहुंचेंगी। इन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए कुल 387 शिक्षकों को लगाया गया है। इसके साथ ही 27 अप्रैल तक चलने वाले मूल्यांकन में एक दिन में एक शिक्षक मात्र 40 उत्तरपुस्तिकाओं का ही मूल्यांकन कर सकेंगें। उल्लेखनीय है कि हाईस्कूल में शुरू हुए मूल्यांकन के दौरान विषयवार शिक्षकों के लिए अलग-अलग कमरों की व्यवस्था की गई है। मूल्यांकन करने बस्तर हाईस्कूल में 387 शिक्षक पहुंच चुके हैं, जिन्हें मूल्यांकन दिवस के पूर्व समझाईश दी गई और बुधवार से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सौंप दिया गया। इसमें जहां अंग्रेजी, हिंदी और संस्कृत के लिए अलग व्यवस्था की गई है, वहीं विज्ञान के विषयों भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान और गणित तथा सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, एकाउंट्स के लिए अलग जगह दी गई है।

### भाजपा ने स्थापना दिवस पर झंडा रोहण किया

**रायपुर, (आरएनएस)।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर एकात्म परिसर भाजपा कार्यालय में आज झण्डा रोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने सुबह 9 बजे भाजपा पार्टी के कमल फूल अंकित केसरिया व हरा झंडा को फहराया और ध्वज को नमन करते हुए वंदेमातरम गीत गाया।

कार्यक्रम में मौजूद पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी झण्डा रोहण के बाद भाजपा के 39 वां स्थापना दिवस की एक-दूसरे को बधाई दी।

## वैज्ञानिकों ने 2डी चुंबक खोज ली हैं, जानिए इस अनोखी खोज के बारे में



**वेबडेस्क** अब तक आपने परपंरागत चुंबक देखी होगी जो लोहे की वस्तुओं की अपनी ओर आकर्षित करती हैं। यह एक आयाम में होती है। लेकिन हाल ही में वैज्ञानिकों ने पहली बार 2डी चुंबक की खोज की है। आपको बता दे कि 2डी चुंबक परमाणुओं की एकल परत से बनी हुई होती हैं। 2डी चुंबक की खूबियों के बारे में बात की जाए तो ये चुंबकें कहीं अधिक संगठित और प्रभावी उपकरण बनाने में काम में ली जा सकती हैं। इतना ही नहीं इस तरह के द्विआयामीय चुंबकीय पदार्थ हमारे जीवन में तकनीक को पूरी तरह से बदलकर रख देंगे। वर्तमान तकनीक में सेंसिंग और हार्ड-डिस्क डेटा स्टोरेज में इन्हें उपयोग किया जा सकेगा। यहां पर खास बात यह है कि छोटी और तेज मशीनों के लिए शोधकर्ता ऐसे नए चुंबकीय पदार्थों का इस्तेमाल कर पाएंगे। इस तरह की चुंबक से सटीक एवं विश्वसनीय नतीजे प्राप्त कर सकते है। यह शोध मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के नेतृत्व में किया गया है। दुनिया में पहली बार एकल परत की 2डी चुंबक खोजी गई है। यह नतीजे नेचर नामक शोध जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। शोध के परिणाम बताते हैं कि इस तरह के चुंबकीय गुण 2डी संरचनाओं में भी मौजूद हो सकते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन के प्रोफेसर की माने तो इस खोज से चुंबकीय पदार्थों के विकास में एक नया बदलाव देखने को मिलेगा। इस तरह के चुंबक पहले की अपेक्षा ज्यादा प्रभावशाली होंगे।

## एवरेस्ट चढ़ेगा अंबिकापुर का राहुल

**रायपुर जनता से रिश्ता वेबडेस्क !** मांउटेन मैन के नाम से चर्चित अंबिकापुर के रहने वाले 23 वर्षीय युवा राहुल गुप्ता माउंट ऐवरेस्ट पर चढने के लिए आज 6 अप्रैल को रवाना हुए। कुछ दिनों में वे ऐवरेस्ट की चढ़ाई शुरु कर देंगे।



पत्रकारवार्ता में राहुल ने कहा कि उनकी ऐवरेस्ट यात्रा मई में चढ़ाई पुरी करके 6 जून को छत्तीसगढ़ लौटेंगे। 4 अप्रैल को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में फ्लैग ऑफ कर उन्हें तिरंगा भेंट कर सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

राहुल ने कहा कि 2015 में भी ऐवरेस्ट की यात्रा शुरु किया था लेकिन नेपाल में आए भूकंप के कारण पर्वतारोहण पर रोक लगाने की वजह से यात्रा रोकनी पड़ी। 2016 में वे 50 दिन में 8 हजार 300 मीटर ऊंचाई तक पहुंचने में सफल रहे। आगे की चढ़ाई से पहले उन्हें स्नो ब्लाइंडनेस, फ्रोस बाइट और टेक्निकल डिवाईस में खराबी आने के कारण यात्रा रोकनी पड़ी। और उन्हें रेस्क्यू से निकाला गया था।

### वायु सेना भर्ती के लिए रैली का आयोजन 16 मई से

**रायपुर,(आरएनएस) ।** भारतीय वायु सेना द्वारा समय-समय पर शिक्षित बेरोजगारों के लिए भर्ती रैली का आयोजन देश प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में किया जाता है। इसी कड़ी में 16 मई से 21 मई के मध्य ग्रुप वाइस भर्ती के लिए रैली का आयोजन किया जाएगा। वायु सेना के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष भर्ती रैली का आयोजन 16 मई से मिनी स्टेडियम रायगढ़ में आयोजित किया गया है।

## छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में जरूरतमंदों के लिए वरदान बन रही नेकी की दीवार

**छत्तीसगढ़।** के अंबिकापुर में जरूरतमंदों के लिए एक अनूठी पहल की गई है. इस पहल को नाम दिया गया है 'नेकी की दीवार'. 'नेकी की दीवार' से प्रतिदिन लगभग 50 से 100 जरूरतमंद लोगों को कपड़े, खिलौने, फल, झोले, बैग, शॉल, स्वेटर, जूता, चप्पल सहित दान में दिए गए जरूरत के अन्य सामान उपलब्ध हो रहे हैं.

'नेकी की दीवार' का संचालन जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के स्टेडियम ग्राउंड परिसर एवं जिला चिकित्सालय परिसर में कलेक्टर किरण कौशल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है. 'नेकी की दीवार' का संचालन इस सिद्धांत पर किया जा रहा है कि यदि आपके पास किसी सामान की आवश्यकता नहीं है तो यहां छोड़ जाएं और यदि आपको आवश्यकता है तो यहां से ले जाएं. स्टेडियम ग्राउंड परिसर स्थित 'नेकी की दीवार' से अब तक लगभग 3 हजार 800 जरूरतमंदों को सामग्री का वितरण किया गया है. दानदाताओं से सामग्री का संग्रहण एवं जरूरतमंदों को सामग्री के वितरण का कार्य कोटेया ग्राम निवासी दिव्यांग वंशधारी द्वारा किया जा रहा है. वंशधारी ने आठवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की है और उसे समाज कल्याण विभाग द्वारा कम्प्यूटर संचालन का प्रशिक्षण भी दिया गया है. वंशधारी द्वारा दान में दी गई वस्तुओं का बेहतर रख-रखाव एवं रजिस्टर का अद्यतन संधारण किया जा रहा है. वह मानदेय के साथ जनसेवा का अवसर प्राप्त होने पर आह्लादित है.।




## पढ़ाई कुछ और, परीक्षा किसी दूसरे विषय की

**अनोखा कारनामा हुआ बास्तानार डीएवी स्कूल में**

**जगदलपुर, (आरएनएस) ।** स्कूल प्रबंधन की बहुत बड़ी गलती के कारण बास्तानार की डीएवी स्कूल में पढ़ रहे 18 विद्यार्थियों को उस समय धक्का लगा जब उन्होंने पढ़ाई किसी विषय की स्कूल में की और परीक्षा दूसरे विषय की होने लगी। जानकारी के अनुसार इससे बास्तानार स्थित डीएवी स्कूल के 18 छात्रों का भविष्य प्रबंधन की गलती से दांव पर लग गया है। दंतेवाड़ा जिले के मुख्यालय स्थित केंद्रीय विद्यालय में बने परीक्षा केंद्र पर गत 2 अप्रैल को कक्षा 12वीं की परीक्षा देने पहुंचे बच्चों को उस समय गहरा धक्का लगा जब उन्हें वह प्रश्नपत्र दिया गया जिसकी तैयारी बच्चों ने कभी की ही नहीं थी।

### 16 अप्रैल से ड्रायविंग लायसेंस की परीक्षा होगी आनलाईन

**जगदलपुर,(आरएनएस)।** वर्तमान में नये ड्राईविंग लायसेंस के लिए चल रही व्यवस्था को समाप्त करते हुए अब परीक्षा की प्रणाली ऑनलाईन से आगामी 16 अप्रैल से शुरू हो जायेगी और 6 अप्रैल से पुरानी प्रणाली बंद हो जायेगी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 16 अप्रैल से एनआईसी द्वारा तैयार किये गये सारथी नाम के नये सॉफ्टवेयर के जरिये एसबीआई ई पे के द्वारा भुगतान व आवेदन लायसेंस के लिये जायेंगें। इसके साथ ही आरटीओ कार्यालय में लंबित नये लायसेंसों के आवेदनों पर लायसेंस बनाने की प्रक्रिया 6 अप्रैल से स्थगित हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि अब ड्राईविंग लायसेंस बनवाने वाले वाहन चालकों को घर में ही ऑन लाईन परीक्षा देकर अपना लायसेंस बनवाना होगा। इस संबंध में आरटीओ विभाग के सूत्रों ने बताया कि अभी तक ड्राईविंग लायसेंस स्मार्ट चिप संस्था के सॉफ्टवेयर के माध्यम से तैयार किये जाते थे। अब सारथी सॉफ्टवेयर के माध्यम से इसे परिवर्तित किया जा रहा है। नया सारथी सॉफ्टवेयर 2.0 के माध्यम से अब कार्य किये जायेगें। इस संबंध में निर्देश प्रदान कर दिये गये हैं। सारथी साफ्टवेयर को आरटीओ कार्यालय में स्थित कम्प्युटर पर इस्टांल किया जा रहा है और इसे ऑनलाईन लिंक कर प्रक्रिया शुरू कर दी जायेंगी। इस संबंध में आरटीओ कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि वाहन मालिकों को सुविधाएं देने के लिए यह प्रणाली स्थापित की जा रही है।

## बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**रायपुर,(आरएनएस) ।** कैलाशपुरी चौक के पास बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वीर सिंह कौशिक पिता जगदीश कौशिक 46 वर्ष अम्बेडकर नगर सिविल लाईन का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल दोपहर प्रार्थी अपनी होण्डा सिटी कार क्रमांक सीजी 04 एचडी 5290 से कहीं जा रहा था तभी कैलाशपुरी चौक के पास बस क्रमांक सीजी 04 ई 3252 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दिया।

जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## अनुपम नगर रेलवे ट्रेक में मिली युवक की लाश

**रायपुर,(आरएनएस) ।** पंडरी थाना क्षेत्र के अनुपम नगर रेलवे लाइन पर आज सुबह एक युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव चीरघर भिजवा दिया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह पंडरी थाना पुलिस को सूचना मिली कि अनुपम नगर रेलवे ट्रेक पर एक अज्ञात युवक की लाश देखी गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रेक से शव हटवाया और मृतक की पहचान में जुट गई।

आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन मृतक की शिनाख्ती नहीं हो सकी। मृतक की उम्र 25-30 वर्ष के आसपास होगी। मृतक ने आत्महत्या की है अथवा किसी हादसे का शिकार हो गया, स्पष्ट नहीं हो सका।

## बैंक के पार्किंग से एक्टिवा पार

**रायपुर,(आरएनएस) ।** शंकरनगर स्थित एचडीएफसी बैंक के पार्किंग से अज्ञात चोर ने एक्टिवा वाहन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाईन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय यादव पिता रामाश्रय यादव 23 वर्ष अमलीडीह राजेंद्रनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल दोपहर प्रार्थी किसी काम से शंकरनगर स्थित एचडीएफसी बैंक गया था। जहां अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 सीटी 6872 को बैंक के पार्किंग में रखकर अंदर गया और 15 मिनट बाद बाहर आया तो देखा एक्टिवा गायब थी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रूपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाईन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## अब 8 बजे से साढ़े 11 तक लगेंगी आंगनबाड़ी

**महासमुंद, (आरएनएस)।** गर्मी के सीजन को देखते हुए जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के खुलने और बंद होने के समय को बदला गया है। इस सप्ताह से अब आंगनबाड़ी केंद्र सुबह साढ़े नौ बजे की बजाय सुबह आठ बजे खुलेंगे।

जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र के खुलने और बंद होने के समय को परिवर्तित करने का दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी एमडी नायक ने बताया कि गुरुवार से सभी केंद्र सुबह 8 से 11 बजकर 30 मिनट तक खुले रहेंगे।

## सांध्यदैनिकों के लिए (रायपुर) छत्तीसगढ़ के जंगलों में 'हरे सोने' के संग्रहण की तैयारी पूर्णता की ओर

**रायपुर,(आरएनएस)।** राज्य के जंगलों में मूल्यवान हरे सोने के नाम से प्रसिद्ध तेन्दूपत्ता संग्रहण की तैयारी तेजी से चल रही है। इस वर्ष तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य में 13 लाख 50 हजार ग्रामीणों और वनवासी परिवारों को रोजगार देने और उनके माध्यम से 16 लाख 72 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ते की आवक का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ये परिवार 901 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में सदस्य के रूप में शामिल हैं। उन्हें संग्रहण कार्य में एक करोड़ 12 लाख मानव दिवस का रोजगार देने का लक्ष्य है।



छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि संग्रहण कार्य की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा की गई घोषणा के अनुसार इस वर्ष तेन्दूपत्ता संग्राहकों के लिए शासकीय भूमि पर संग्रहण कार्य का पारिश्रमिक 1800 रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 2500 रूपए कर दिया गया है। इसके साथ ही रमन सरकार ने ग्रामीणों की निजी भूमि पर तेन्दूपत्ता संग्रहण के लिए इस वर्ष प्रति मानक बोरा 2600 रूपए (छब्बीस सौ रूपए) पारिश्रमिक देने का भी निर्णय लिया है। वन मंत्री श्री महेश गागड़ा विभागीय अधिकारियों के साथ तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य की तैयारियों की नियमित रूप से समीक्षा कर रहे हैं। संग्राहकों से अपील की गई है कि वे संग्रहण केन्द्रों (फड़ों) में अच्छी क्वालिटी का पत्ता लेकर आएं। इस बीच मुख्य सचिव श्री अजय सिंह ने यहां मंत्रालय (महानदी भवन) प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों, वन मंडलाधिकारियों और जिला वनोपज सहकारी यूनियनों के प्रबंध संचालकों को परिपत्र भेजकर संग्रहण कार्य के सुचारू संचालन के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने परिपत्र में अधिकारियों को छत्तीसगढ़ की अंतर्राज्यीय सीमाओं पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए हैं और कहा है।

## शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक से मारपीट

**रायपुर,(आरएनएस) (आरएनएस)।** अग्रसेन धाम चौक के पास चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर हॉकी स्टीक से मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रंजीत पिता रविब्रम्हा 34 वर्ष कचना हाऊसिंग बोर्ड का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल दोपहर प्रार्थी अग्रसेन धाम चौक के पास खड़ा था तभी आरोपी हरीश कश्यप अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ प्रार्थी के पास आया और शराब पीने के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर हॉकी स्टीक से मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506बी,327,34 के तहत अपराध दर्ज किया है।